
# उदयपुर में युवक की हत्या के बाद जोधपुर में प्रशासन व पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रहे



पाली जिला कलैक्टर नमित मेहता व पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने सोजत व जेतारण क्षेत्र का दौरा कर कानून व शांति व्यवस्था की जानकारी ली। फोटो-राष्ट्रदूत



उदयपुर में एक युवक की हत्या के बाद प्रशासन व पुलिस जोधपुर में पूरी तरह से चाक चौबंद होकर अलर्ट मोड में नजर आए। कलैक्टर व पुलिस कमिश्नर के नेतृत्व में पुलिस ने रूट मार्च निकाला गया।

**जोधपुर**, (कासं)। उदयपुर में एक युवक की बर्बर हत्या के बाद प्रशासन व पुलिस जोधपुर में पूरी तरह से चाक चौबंद होकर अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। जिला कलेक्टर व पुलिस कमिश्नर के नेतूतव में पुलिस ने आज रूट मार्च निकाला गया।

यह रूट मार्च शहर के विभिन्न हिस्सों से होकर निकला। कलेक्टर हिमांशु गुप्ता और पुलिस कमिश्नर नवज्योति गोगोई ने कहा कि इंटरनेट सेवा सिर्फ एहतियात के तौर पर ही बंद की गई है। शहरी क्षेत्र में पहले से धारा 144 लागू है।

उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दे और शांति बनाए रखने में सहयोग प्रदान करे।

उदयपुर में कल के घटनाक्रम के बाद जोधपुर में पुलिस व प्रसासन अतिरिक्त सावधानी बरत रहा है, ताकि किसी अप्रिय घटना को टाला जा सके। आज कलेक्टर व कमिश्नर ने बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों को साथ लेकर सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील माने जाने वाले इलाकों में से होकर रूट मार्च निकाला।

कलेक्टर हिमांशु गुप्ता ने कहा कि जोधपुर सुख शांति का शहर है और यह समय टेस्टिंग टाइम है। एहतियात के तौर पर आगामी आदेश तक इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई है। जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट सहित ठामीण इलाकों में भी धारा 144 लगा दी गई है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि नियम कायदों की पालना करें । शांति बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। वहीं पुलिस कमिश्नर ने भी शहरवासियों से शांति की अपील करते हुए कहा कि यह रूट मार्च सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील इलाकों में निकाला जा रहा है। धारा 144 लागू है। यदि कोई भी कार्यक्रम है तो परमिशन लेकर शांतिपूर्ण तरीके से करें। अफवाहों पर ध्यान ना दें। संयम रखें। शहर की शांति को बनाए रखें। सभी जगह पर पर्याप्त जाब्ता तैनात कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि पचास से अधिक स्थान पूर्व में चिह्नित किए हुए है। इनके अलावा कुछ अन्य जगह पर भी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस गश्त को मजबूत किया जा रहा है।

**पाली संवाददाता के अनुसार :** जिला कलैक्टर नमित मेहता व जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत बुधवार को जिले के सोजत व जेतारण क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने उपखण्ड कार्यालय में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से क्षेत्र में कानून व शांति व्यवस्था की जानकारी ली।

जिला कलैक्टर ने अधिकारियो को निर्देश दिए कि उदयपुर में मंगलवार को घटित हत्याकांड को दृष्टिगत रखते हुए जिले में साम्प्रदायिक सौहार्द व काननू व्यवस्था प्रभावित नही होने दे व धारा 144 की सख्ती से शत प्रतिशत पालना करवायी जाए।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कही भी अनावश्यक भीड़-भाड़ एकत्रित नही होने दे व अशांति फैलाने व माहौल बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने पुलिस अधिकारियों से क्षेत्र की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि कानून व शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील व धार्मिक स्थलों की ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखे एवं स्थानीय स्तर पर शांति समिति व सीएलजी की बैठक करे।

सोजत उपखण्ड अधिकारी गोपाल जांगिड़ , जैतारण उपखण्ड अधिकारी भास्कर विश्नोई, एडिशनल एसपी सतीश सोनी आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### जिला स्तर पर सांख्यिकी दिवस मनाया

**जोधपुर**, (कासं)। प्रो. पी. सी. महालनोबिस के आर्थिक नियोजन एवं सांख्यिकी विकास क्षेत्र में दिये गए योगदान के उपलक्ष में उनके जन्म दिवस को भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। इसी क्रम में जिला स्तर पर आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग जोधपुर द्वारा बुधवार को 16 वां सांख्यिकी दिवस "सतत विकास के लिए डेटा" विषय पर एक कार्यक्रम पंचायत समिति लूणी सभागर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त सहायक निदेशक सांख्यिकी चित्रेश भार्गव, अध्यक्षता वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी एवं प्रभारी सहायक निदेशक राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय रुपसिंह राजपुरोहित विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत उपनिदेशक सांख्यिकी विभाग सुधीर माथुर एवं विभिन्न विभागों में पदस्थापित सांख्यिकी कार्मिकों तथा केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अधिकारियों तथा अन्य विभागों के कार्मिकों ने भाग लिया। उपनिदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, जोधपुर मोहनराम पंवार ने प्रो. पी. सी. महालनोबिस की जीवनी एवं साख्यिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं यथा, जनआधार योजना, जन्म-मृत्यु पंजीयन, एन. एस. एस. सर्वे एवं विभागीय कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए सतत विकास के लक्ष्य 2030 की योजना पर प्रकाश डाला। सेवानिवृत्त वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी एनएसओ अजय कुमार व्यास ने "सतत विकास के लिए डेटा" पर विस्तृत जानकारी दी। सांख्यिकी अधिकारी हुक्मीचन्द लखारा ने सांख्यिकी की जीवन में उपयोगिता के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन साख्यिकी अधिकारी तुलसीराम पंचारिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अन्त में ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी दयानन्द गौड़ न धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया।

### सूने मकानों से जेवर व नकदी चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। घर में घुसकर सेंधमारी कर नगदी और जेवरात चुराकर ले जाने के मुकदमे संबंधित थानों में दर्ज कराए गए है। बनाड़ थाने में दी रिपोर्ट में मुजासर चौराहा गौशाला रोड़ रामदेव मंदिर के पास रहने वाले गोकुलसिंह ने पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुसकर पांच हजार की नगदी और कीमती सामान चुराकर ले गए। बनाड़ थाने में ही दी रिपोर्ट में गुर्जर भवन लक्ष्मण नगर नांदड़ी निवासी ओमप्रकाश गुर्जर ने पुलिस को बताया कि अज्ञात नकबजनों ने उसके मकान में सेंधमारी करके पलंग के नीचे बक्से में रखे सोने चांदी के जेवरात और कीमती सामान चुराकर ले गए। दूसरी तरफ सोलर प्लांट से उपकरण चोरी हो गए।बाप थाने में दी रिपोर्ट में सोलर प्लांट देदासरी के मैनेजर भूपेन्द्रसिंह ने पुलिस को बताया कि देदासरी गांव में लगे प्लांट से अज्ञात व्यक्ति मॉडयूल, केबल और विद्युत उपकरण चुरा ले गए। उदयमंदिर थाने में दी रिपोर्ट में सुभाष कालोनी भगतकी कोठी निवासी जतिन भाटी ने पुलिस को बताया कि 28 जून को वह नवीन सीनियर सैकेण्डरी स्कूल गया था जहां पर उसकी स्कूटी में रखा मोबाइल और नकदी कोई चुराकर ले गया।

### केन्द्रीय कारागृह का निरीक्षण

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश चन्द्र शेखर शर्मा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर महानगर के सचिव व अतिरिक्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश सुरेन्द्र सिंह सांदू ने बुधवार को केन्द्रीय कारागृह, जोधपुर का औचक मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक राजपाल सिंह व डिप्टी जेलर महेश शर्मा उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय कारागृह में स्वच्छता, साफ-सफाई की व्यवस्थाओं के साथ-साथ जेल में बंदियों को उपलब्ध करवाए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, उनके स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधा व उनके लिए उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

### सक्सेना को अध्यक्ष चुना

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में कलेक्ट्रेट कर्मचारी वेलफेयर सोसायटी के चुनाव रातानाड़ा स्थित माहेश्वरी समाज भवन में मतदान अधिकारी ओमप्रकाश सोनी के निर्देशन में संपन्न हुआ तथा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवीन कार्यकारिणी में अनिल कुमार सक्सेना को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। कार्यकारिणी में सुरेश वूडर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महिपाल सिंह राठौड़ को उपाध्यक्ष, रोहित कुमार देवड़ा को सचिव, प्रकाश पंवार को सह-सचिव, मदन सिंह भाटी को कोषाध्यक्ष चुना गया। गीता चौधरी एवं पूनम गहलोत कार्यकारिणी सदस्य होंगी। शपथ ग्रहण समारोह में जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता, अपर जिला कलक्टर मदनलाल नेहरा, राजेन्द्र कुमार डांगा एवं जिला आबकारी अधिकारी अंजुमन ताहिर समा के अलावा कलेक्ट्रेट कार्यालय एवं अधीनस्थ राजस्व कार्यालयों के वर्तमान कर्मचारीगण एवं सेवानिवृत कर्मचारी उपस्थित थे।

# पति, सास-ससुर व देवर के खिलाफ मामला दर्ज

- विवाहिता की मौत के बाद पीहर पक्ष ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के महामंदिर थाना क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका के भाई ने दहेज के लिए तंग-प्रताड़ित व हत्या करने का आरोप लगाकर मृतका के पति, सास-ससुर व देवर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया।

धनाधिकारी लेखराज सिहाग ने बताया कि आकाशवाणी के पीछे निवासी अनुलता परिहार को संदिग्ध हालात में मौत हुई है। मदेरणा कॉलोनी निवासी उसके भाई सुरेश चौहान ने बहन के पति अतुल, नास रेणु ससुर खेतसिंह और देवर आदित्य के खिलाफ दहेज के लिए तंग व प्रताड़ित और हत्या करने का मानला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अनुलता की शादी 23 जनवरी 2007 को अतुल से हुई थी। गत 23 मार्च 2009 को बहन के पुत्र का जन्म हुआ था।

शादी के बाद से पति व अन्य आरोपी बहन को दहेज के लिए तंग व प्रताड़ित कर रहे थे। वे कार व बीस लाख रुपए को मांग कर रहे थे। साथ ही मारपीट व बेइज्जत करते थे। वर्ष 2015 में बहन को घर से निकाल दिया गया था, लेकिन पीहर पक्ष व समाज के लोगों ने समझाइश कर उसे सनुराल छोड़ा था। इस बीच मंगलवार सुबह छह बजे बहन के ससुर ने बहन की

खराब होने को सूचना दी। परिजन मथुरादास माथुर अस्पताल पहुंचे, जहां बहन को मृत पाया। पुलिस का कहना है कि सुबह छह बजे मृतका को उसके पुत्र ने कमरे में देखा तो चिल्लाने लगा था। अन्य परिजन वहां आए और फिर गंभीर हालत में मथुरादास माथुर अस्पताल ले गए थे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया था। पीहर पक्ष का आरोप है कि ससुर ने अनुलता के नींद की गोलियां खाने से तबीयत खराब होने व अस्पताल लेकर जाने की सूचना दी थी। दो भाई अस्पताल पहुंचे तो बहन को मृत पाया था।

ससुराल वाले अस्पताल से शव बाहर ला रहे थे, लेकिन पीहर पक्ष ने पोस्टमार्टम करवाने की मांग को। साथ ही मामला दर्ज कराया।

# सांख्यिकी दिवस पर कार्यशाला आयोजित



जालोर में सांख्यिकी दिवस पर जिला कलैक्टर निशांत जैन ने सांख्यिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। प्रो. पी.सी. महालनोबिस की स्मृति में 16वें सांख्यिकी दिवस पर जिला कलैक्टर निशान्त जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समारोह एवं कार्यशाला का आयोजन बुधवार को पंचायत समिति जालोर के सभागार में किया गया।

समारोह के दौरान जिला कलक्टर निशान्त जैन ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि सांख्यिकी का महत्व हमारे जीवन में प्रत्येक दिन रहता है। दैनिक कार्यों की वस्तुओं में भी सांख्यिकी निहित है। बिना सांख्यिकी के किसी कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण किया जाना सम्भव नहीं है। सांख्यिकी आंकड़े सरकारी योजनाओं में अपनी महत्वपर्ण भूमिका अदा करते है। सरकार द्वारा किसी भी योजना को बनाने से पूर्व तथा उसके क्रियान्वयन के लिए सांख्यिकी के आंकडो को आधार माना जाता हैं, जो सांख्यिकी विभाग द्वारा उपलब्ध करवाये जाते हैं। बिना सांख्यिकी के किसी भी कार्य को किया जाना संभव नहीं है। समारोह से पूर्व प्रातः काल में विद्यालय के छात्र-छात्राओं की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुई जिनके विजेता एवं उप विजेताओं को समारोह के दौरान जिला कलैक्टर निशांत जैन द्वारा पारितोषिक प्रदान किये गये इसके साथ ही सांख्यिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ब्लॉक एवं कार्मिकों को भी पारितोषिक दिए गए।

समारोह एवं कार्यशाला में जालोर पंचायत समिति प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित, विकास अधिकारी सांवलाराम चौधरी, जिला उद्योग के केन्द्र के महाप्रबंधक संग्राम राम देवासी, जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी वेदप्रकाश आशिया, रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक महेश पटेल, जिला रोजगार अधिकारी आनन्द सुथार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक सुभाषचन्द्र मणि, अल्पसंख्यक विभाग के कार्यक्रम अधिकारी नन्दुसिंह, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग जालोर के सहायक निदेशक डॉ. धनसिंह राजपुरोहित तथा समस्त जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय सांख्यिकी अधिकारी एवं कार्मिक समारोह में उपस्थित रहे।

## अशोक गहलोत जयपुर लौटे

**जोधपुर**, (कासं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज सुबह जयपुर लौट गए।

वे यहां 3 दिन के दौरे पर कल शाम को ही आए थे, लेकिन उदयपुर में हुई घटना के बाद आज 9 बजे जयपुर के लिए रवाना हो गए। जोधपुर एयरपोर्ट पर जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने उन्हें विदाई दी। मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट पर उपस्थित आम जन की समस्याओं को सुना। काफी संख्या में लोगों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन एवं प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए।

अशोक गहलोत ने जोधपुर से रवाना होने से पूर्व सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में कहा कि राजस्थान पूरे देश में साम्प्रदायिक सौहार्द्र व भाईचारे के लिए जाना जाता है। उदयपुर घटना कोई साधारण घटना नहीं है, सरकार इस घटना को पूरी गंभीरता से ले रही है। उन्होंने कहा कि इन तमाम बातों का खुलासा होना जरूरी है कि इस घटना के पीछे किसका षडयंत्र है। इस घटना का लिंक किससे जुड़े हैं, इससे किस तरह के राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय संगठनों का संबंध है इसकी भी जांच की जा रही है। साथ ही उन्होंने प्रदेशवासियों से शांति और साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने की अपील की।

## करंट से मौत

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर जिल के तिंवरी क्षेत्र में अपने घर में पंखा बदलते एक व्यक्ति को करंट लग गया। इस पर उसे मथानिया अस्पताल ले जाया गया। मगर बाद में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज किया है।

मथानिया पुलिस ने बताया कि तिंवरी निवासी अब्दूल हमीद पुत्र निजामुद्दीन ने बताया कि उसका भाई 41 वर्षीय मोहम्मद यासीन घर पंखा बदल रहा था। तब करंट लग गया।

# भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

**जोधपुर**, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी जोधपुर शहर जिलाध्यक्ष देवेन्द्र जोशी की सहमति से महिला मोर्चा अध्यक्ष कमलेश गोयल ने मोर्चा मण्डल कार्यकारिणी की घोषणा की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा संभाग मीडिया प्रभारी जगदीश धाणदिया ने बताया कि महिला मोर्चा मसूरिया मण्डल में मसूरिया मण्डल उपाध्यक्ष के पद पर संजु सोलंकी, सपना वैष्णव, नीता माथुर को उपाध्यक्ष नियुक्त किया। मण्डल महामंत्री का दायित्व इन्द्रा धानदिया, संतोष गोयल को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी तरह मण्डल मंत्री के पद पर चेतना सोनी, लीला शर्मा, अनिता परिहार, रामेश्वरी प्रजापत को सौंपा गया।

वहीं लक्ष्मी धाणदिया को कोषाध्यक्ष, रजनी को मीडिया प्रभारी, आईटी सेल प्रभारी सावित्री सैन, मण्डल कार्यकारिणी सदस्य पूजा भार्गव, किरण भार्गव, प्रियंका भार्गव, पूर्णिमा शर्मा, उषा भाटी, उषा वैष्णव को बनाया गया।

इसी प्रकार महिला मोर्चा लालसागर मण्डल में लालसागर मण्डल उपाध्यक्ष के पद पर दीपिका चैहान, पूनम भाटी, राजू देवी नियुक्त किया। मण्डल महामंत्री का दायित्व संतोष जयपाल, गुलाब प्रजापत को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी तरह मण्डल मंत्री के पद पर हेमा, संगीता शर्मा, पदमा माली, रजनी नागौरा को सौंपा गया। वहीं रितिका प्रजापत को कोषाध्यक्ष एवं मण्डल कार्यकारिणी में चचंल, कंचन, सोनू राव, रमा सिुार, मंजु सोनी, कोमल सोनी, राधा सैन को सदस्य बनाया गया।

इसी प्रकार महिला मोर्चा त्रिपोलिया मण्डल में त्रिपोलिया मण्डल उपाध्यक्ष के पद पर नीतू व्यास, कंचन बाफना, लक्ष्मी सोनी नियुक्त किया। मण्डल महामंत्री का दायित्व पूजा सुराणा, सुनिता सोलंकी को जिम्मेदारी सौंपी गई।

इसी तरह मण्डल मंत्री के पद पर चन्दु सैन, नीतू मेवाड़ा, लीला जैन, राधिका कांनूगा को सौंपा गया। वहीं कंचन सर्राफ को कोषाध्यक्ष, पूनम सोनी को मीडिया प्रभारी, लतीशा सिंघवी को आईटी सेल प्रभारी बनाया गया है एवं मण्डल कार्यकारिणी में पुष्पा गोयल, डिम्पल जैन को सदस्य बनाया गया।

इसी प्रकार महिला मोर्चा शास्त्रीनगर मण्डल में शास्त्रीनगर मण्डल उपाध्यक्ष के पद पर शैलजा, संतोष, जवरी देवी विश्नोई नियुक्त किया। मण्डल महामंत्री का दायित्व सबीना शर्मा रूचिका लीला को जिम्मेदारी सौंपी गई।


इसी तरह मण्डल मंत्री के पद पर रेखा सिंघल, गीता सांवरिया, मनोनीता, दिक्षा भाटी को सौंपा गया। वहीं तारा देवी को कोषाध्यक्ष, अपर्णा को मीडिया प्रभारी, सरिता को आईटी सेल प्रभारी बनाया गया है एवं मण्डल कार्यकारिणी में संगीता मेवाडा, कुमकुम शर्मा, काली देवी, सरोज, नेहा जैन, रेणु जेथलिया को सदस्य बनाया गया।

इसी प्रकार महिला मोर्चा खाण्डाफलसा मण्डल में खाण्डाफलसा मण्डल उपाध्यक्ष के पद पर उर्मिला भाटी, राखी गहलोत, डा. दुर्गा सोनी नियुक्त किया। मण्डल महामंत्री का दायित्व निर्मला टाक, संतोष पुरोहित को जिम्मेदारी सौंपी गई।

इसी तरह मण्डल मंत्री के पद पर स्नेहलता पुरोहित, शिल्पा अठावाल, अनुपमा राजपुरोहित, पायल जौहरी को सौंपा गया। वहीं राधा पुरोहित को कोषाध्यक्ष, प्रीति परिहार को मीडिया प्रभारी, अल्का पुरोहित को आईटी सेल प्रभारी बनाया गया है एवं मण्डल कार्यकारिणी में अन्जु सोलंकी को सदस्य बनाया गया।

इसी प्रकार महिला मोर्चा चैपासनी मण्डल में चैपासनी मण्डल उपाध्यक्ष के पद पर ललिता शर्मा, सुशीला मकवाना, रमा शाह नियुक्त किया। मण्डल महामंत्री का दायित्व विजयलक्ष्मी, सरला गमनानी को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी तरह मण्डल मंत्री के पद पर पारूल वैष्णव, निर्मला मेघवाल, लता व्यास, सुनिता सरगरा, दीपाली दाधीच को सौंपा गया। वहीं सुरभि अरोड़ा को कोषाध्यक्ष, प्रियंका भटनागर को मीडिया प्रभारी, ललिता विकसित को आईटी सेल प्रभारी बनाया गया है एवं मण्डल कार्यकारिणी में रेखा गोयल, कंचन, बसंती, सरोज, शिखा, रेखा को सदस्य बनाया गया।

# रीट फर्स्ट तथा सेकंड लेवल के लिए संस्कृत पुस्तक का विमोचन




उत्कर्ष प्रकाशन द्वारा प्रकाशित रीट फर्स्ट तथा सेकंड लेवल को लेकर सुभाष भाटी की लिखित संस्कृत पुस्तक का विमोचन उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत ने किया।

**जोधपुर**, (का.सं.)। उत्कर्ष प्रकाशन द्वारा प्रकाशित रीट फर्स्ट तथा सेकंड लेवल में भाषा अंतर्गत परीक्षा हेतु सुभाष भाटी द्वारा लिखित संस्कृत पुस्तक का विमोचन बुधवार को उत्कर्ष क्लासेस के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत ने किया।

इस अवसर पर डॉ. गहलोत ने जानकारी दी कि अपने विषय में स्वर्ण पदक प्राप्त लेखक सुभाष भाटी ने पुस्तक में रीट परीक्षार्थियों के लिए नवीनतम पाठ्यक्रम के आधार पर अध्यायवार 1300 से अधिक प्रश्नों का व्याख्या सहित समावेश किया है।

इसके अलावा पुस्तक में संपूर्ण संस्कृत व्याकरण का सार तथा संस्कृत शिक्षण विधियों सहित वर्ष 2011 से 2021 तक राजस्थान के विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्नों का व्याख्या सहित संकलन उपलब्ध है। उन्होंने इस पुस्तक को सीटीईटी, एमपीटीईटी, यूपीटीईटी, एचटीईटी, पीटीईटी, यूटीईटी तथा सभी राज्यों की अध्यापक पात्रता परीक्षा हेतु बहुपयोगी बताया। यह पुस्तक विद्यार्थियों के लिए राजस्थान के सभी प्रमुख पुस्तक विक्रेताओं के पास वाजिब शुल्क में उपलब्ध है।

विमोचन के अवसर पर पुस्तक के लेखक सुभाष भाटी ने संस्था निदेशक डॉ. निर्मल गहलोत के मार्गदर्शन, उत्साहवर्धन व सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए अपनी टीम के सदस्यों का पुस्तक को विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाए जाने में दिए गए सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 'आराजी भूमि लापरवाही से लोगों के नाम दर्ज'

- रेवतड़ा गांव में डोली मठ महादेवजी महाराज की आराजी कुछ लोगों के नाम दर्ज होने का मामला सामने आया

**सायला**, (निसं)। सायला क्षेत्र के रेवतड़ा गांव में डोली मठ महादेवजी महाराज की आराजी बंदोबस्त विभाग की लापरवाही अथवा कथित मिलीभगत के कारण कुछ लोगों के नाम दर्ज होने का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार सन्यासी सुरेश भारती चेला राजभारती जाति गोस्वामी निवासी रेवतड़ा ने एसडीएम कार्यालय सायला में वाद दर्ज कर बताया कि रेवतडा गांव में स्थित आराजी वर्तमान खाता संख्या 71०, खसरा नंबर 811, 812, 813, 814 व 815 कुल खसरा 5 कुल रकबा 3.44 हैक्टर की आराजी आयी हुई है। जिसके पुराना खसरा संख्या 343 मी. है। खाता संख्या 9० खसरा संख्या 740, 741, 827 कुल खसरा 3 कुल रकबा ०.695० हैक्टर जिसके पुराना खसरा नंबर 88 है। खाता संख्या 519 खसरा संख्या 1158, 1159, 116०, 1262, 343, 829, 83० कुल खसरा 7 कुल रकबा 6.95 हैक्टर है जिसके पुराना खसरा नंबर 53० मी. है।

खाता संख्या 494 खसरा संख्या 828, 831 कुल खसरा 2 कुल रकबा 1.21 हैक्टर जिसके पुराने खसरा संख्या 530 है। खाता संख्या 593 खसरा संख्या 825, 826 कुल रकबा 1.98 हैक्टर है खाता संख्या 71० खसरा संख्या 811, 812, 813, 814, 815 कुल रकबा 3.44 हैक्टर है। खाता संख्या 55० खसरा संख्या 822, 823, 824 कुल रकबा 1.75 हैक्टर है। जिसमें राजस्व विभाग द्वारा जारी पर्चा तजवीज लगान में उक्त आराजी डोली मठ महादेव जी महाराज वाके देह तमाम पुजारी चेतन भारती चेला उम्मेद भारती जाति गोस्वामी साकिन खातेदार के नाम संवत 2009 से संवत 2027 तक दर्ज है। पूर्व खसरा संख्या 343 के वर्तमान खसरा संख्या 811 से 815 की जमाबंदी संवत 2011 से 2070 में उक्त आराजी डोली बनाम मंदिर से रघुनाथ मंदिर के नाम दर्ज रही।

तत्पश्चात् उक्त आराजी संवत 2051 से 207० की जमाबंदी में भू प्रबंध विभाग द्वारा उक्त आराजी हुकमा, केसा, मुला, हंसा, तगा पिसरान सादला कौम पुरोहित 1/2 हिस्से में तथा 1/2 हिस्से में अकबरिया, लछा, तगा पिसरान दला कौम कोटवाल तथा अन्य प्रतिवादी खातेदारों के नाम दर्ज की गई है। उक्त आराजी परपेशुअल आइडल के नाम से रही है। जो आराजी ने तो अंतरित की जा सकती है न ही हस्तांतरित की जा सकती है।

# मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल बनेंगे

**जोधपुर**, (कासं)। रेल मंत्रालय द्वारा रेलवे पर माल यातायात कार्गो के हेन्डलिंग के लिए अतिरिक्त कार्गो टर्मिनलों के विकास और उद्योगों से निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल नीति जारी की गई है।

## माल लदान को मजबूत बनाने के प्रयास

यात्रियों की सुविधा के साथ-साथ भारतीय रेलवे जोनल/मंडल स्तर पर माल लदान को भी मजबूत बनाने की हरसंभव कोशिश कर रही है।

इस नीति के तहत रेलवे पर उपलब्ध अतिरिक्त (सरप्लस) भूमि पर पूर्णतत या आंशिक रूप से रेलवे भूमि पर गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल स्थापित किए जा सकते है।जोधपुर मंडल के 17 स्टेशनों पर रेलवे की अतिरिक्त भूमि उपलब्ध करवाई जा रही है ।

## स्टेशनों पर उपलब्ध होगी अतिरिक्त भूमि

मारवाड़ रतनपुर, मोदरान, मोकलसर, नांवा सिटी, नया खारड़िया, राजकियावास, राखी, रानीवाड़ा, रेन, सांवराद, तिलवाड़ा, भावी, भीमपुरा, बिलाड़ा, गागरिया, खेड़ूली और मारवाड़ बालिया स्टेशनों पर अभिव्यक्ति अभिरूचि के लिए मंडल कार्यालय के वाणिज्य शाखा या परिचालन शाखा में सम्पर्क कर सकते है।उल्लेखनीय है कि रेलवे पर माल लदान में वृद्धि के लिये "गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल" विकसित किये जा रहे है। इन टर्मिनलस के चालू होने से देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

**Office Of Gram Panchayat KEETA, Block- Hq JAISALMER**

S.No.GP/Tender/2022-23/34 Dated:- 29.06.2022

**E- Tender Notice No. - 01/2022-23**

Under Mahatma Gandhi NREGA & RDPR scheme in the finacial year 2022-23 in Gram Panchayat KEETA,E-tender are invited till date 08.07.2022 till 6.00 PM, from the willing manufacturers and suppliers, for the supply of construction materials for the construction works to be carried out. Further details regarding the tender can be checked on the web portal http://www.sppp.rajasthan.gov.in and http://www.eproc.rajasthan.gov.in

NIB Code : PFI2223A0003
UBN Code : PFI2223GLRC00003

VDO/Sarpanch
Gram Panchayat KEETA
Block - SAM HQ JAISALMER